प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

कार्यालय आदेश

श्री अनिल कुमार,
लिपिक,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर ।

विदित हो कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व में आपको इस चिकित्सा महाविद्यालय के छात्र शाखा से संबंधित सम्पूर्ण कार्य का प्रभार संबंधित कर्मी/लिपिक से ग्रहण करने का आदेश निर्गत किया गया था, परन्तु समीक्षा के दौरान यह पाया गया है कि उक्त आदेश के आलोक में आपके द्वारा छात्र शाखा से संबंधित कार्य का प्रभार संबंधित कर्मी/लिपिक से वर्तमान तक ग्रहण नही किया गया है, जो अधोहस्ताक्षरी के आदेश के उल्लंघन का द्योतक है तथा इससे संबंधित कार्य के ससमय सम्पादन में असुविधा उत्पन्न हो रही है ।

साथ ही आप आए दिन किसी न किसी कारणवश अवकाश लेकर मुख्यालय से बाहर प्रस्थान कर रहें हैं, जिससे प्रभार ग्रहण/कार्य सम्पादन में अनावश्यक विलम्ब का सामना करना पड़ रहा है, जो सरकारी नियम के प्रतिकूल है ।

अतएव आपको पुनः निदेश दिया जाता है कि आप यथाशीघ्र प्राचार्य द्वारा निदेशित कार्य (छात्र शाखा) का सम्पूर्ण प्रभार ग्रहण कर प्रभार प्रतिवेदन की प्रति के साथ अधोहस्ताक्षरी को सूचित करना सुनिश्चित करें ।

ह0/–
प्राचार्य

ज्ञापांकः– 1600/18 दिनांकः– 10-07-18

प्रतिलिपिः–

1) प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।
2) निदेशक प्रमुख, (परिवार कल्याण, मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं नर्सिंग), स्वास्थ्य सेवायें, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3) प्राचार्य, पटना चिकित्सा महाविद्यालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
4) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0)/Estate Officer/बरसर/ओ0एस0डी0, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
5) संबंधित कर्मी/लिपिक, छात्र शाखा, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित ।
6) आई0टी0 सेक्शन, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

10/7/18

प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर